डोहग में कपड़े की दुकान राख

दमकल विभाग के कर्मियों ने लपटों पर पाया काबू, दो लाख का नुकसान

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

डोहग बाजार में रेडिमेड कपड़े की दुकान में आग लग गई। मंगलवार रात अचानक पेश आई इस घटना से बाजार के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। आस-पास की दुकानें भी आग की चपेट में आ सकती थी लेकिन मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग की लपटों को काबू कर लिया और आस-पास के दुकानदारों को भी राहत पहुंचाई। दुकानदार देश राज को इसमें 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि दुकान में रेडिमेड कपड़े व अन्य मनियारी का सामान रखा हुआ था। मंगलवार रात बारिश में अचानक दुकान के अंदर आग सुलग गई। दुकान से निकल रहे धुंए व लपटों को किसी व्यक्ति ने देख लिया और हल्ला मचाना शुरू कर दिया। पल भर में पूरे बाजार के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए और आग को बुझाने में जुट गए। इतने में दमकल विभाग को भी इसकी सूचना दी गई। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर दुकान में लगी आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आस-पास की अन्य दुकानों को भी इस आग ने खतरा बन गया था लेकिन इस खतरे को दमकल विभाग की टीम ने दूर कर दिया। दमकल अधिकारी राजेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि डोहग में मंगलवार रात को रेडिमेड कपड़ो की दुकान में लगी आग को दमकल विभाग ने मौके पर पहुंच कर काबू पा लिया। इस अग्निकांड में लगभग 2 लाख का नुकसान हुआ है।

ट्रैक्टर पलटने से व्यक्ति की मौत

हिमाचल दस्तक। भोरंज

◆ भ्याड़ कस्बे में पेश आया दर्दनाक हादसा

ट्रैक्टर के मालिक ने ड्राइवर को घर जाने को कहा और स्वयं ट्रैक्टर लेकर गंतव्य स्थान की ओर चल पड़ा। जैसे ही वह कुछ आगे गया तो ड्राइवर को जोर की आवाज के साथ ट्रैक्टर पलटने की आवाज सुनाई दी। जैसे ही वह पास गया तो देखा कि ट्रैक्टर पलट गया था और ट्रैक्टर मालिक उसके नीचे आ गया था। ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। अशोक अपने पीछे पत्नी, दो लड़कियां और एक लड़का छोड़ गया है। थाना प्रभारी राजीव लखनपाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेजा गया है।

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत भ्याड़ कस्बे में ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर मालिक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर के चालक अनिल कुमार पुत्र अनोखा राम गांव लगमन्वी तहसील भोरंज ने बताया कि वह मंगलवार रात लगभग 10 बजे नादौन से बजरी लेकर आया। भ्याड़ चौक पर उसे ट्रैक्टर का मालिक अशोक कुमार पुत्र गोरख राम उम्र 42 वर्ष गांव भ्याड़ तहसील भोरंज मिला।

गुरुकुल के बच्चों ने मनाया पूर्ण राज्यत्व दिवस

हमीरपुर। गुरुकुल पब्लिक स्कूल हमीरपुर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस व पूर्ण राज्यत्व दिवस के उपलक्ष्य पर नैनिहालों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने देश का सच्चा सिपाही बनने का प्रण लिया। कार्यक्रम में रागवी, लाषिमा, प्रिंस, कुनाल, इशिका, सामवी, वैभव, अनवी, अनिल, निमिश, प्रियाजल, अनंव, इशिता शर्मा, कृतिका, नव्या, वंश, अर्पिता, आरव, विशाल, दीक्षा, रूमाक्षी आदि बच्चों ने भाग लिया। स्कूल प्रधानाचार्य रविंद्र पुरी ने पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं दी।

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में गेस्ट लेक्चर

पट्टा। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में सीनियर साइंटिस्ट डॉ. राजेश एनजी प्रोडक्शन व करियर औपरचुनिटी पर बुधवार को लेक्चर दिया। इन्होंने एनजी प्रोडक्शन के विभिन्न माध्यम जैसे हाइड्रल, नयुक्लियर व कोल के बारे मे अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व मे भारत का एनजी प्रोडक्शन में तीसरा स्थान है। इस स्तर को बढ़ाने के लिए नयुक्लियर प्रोडक्शन पर रिसर्च की जा रही है। उन्होंने रेंडिएशन ऊर्जा के विभिन्न माध्यमों व सोशल व इंडस्ट्रियल एपलिकेशन के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि एमएससी (फिजिक्स, कैमिस्ट्री) व बीटेक (केमिकल, इलेक्ट्रीकल, कंप्यूटर,मैकेनिकल) इंजीनियरिंग के विद्यार्थी जाब व उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भाभा अटोमिक रिसर्च सेंटर मे अप्लाई कर सकते है। विवि के कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा ने डॉ. राजेश कुमार का धन्यवाद किया।

ब्रीफ न्यूज

व्यक्ति को गाड़ी ने मारी टक्कर

हमीरपुर। सैर कर रहे एक व्यक्ति को गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस घटना में व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं। हमीरपुर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 337 , 338 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रितेश निवासी वार्ड नंबर 1 हीरानगर ने सदर थाना हमीरपुर में शिकायत दर्ज करवाई है कि 18 जनवरी को वह अपने पापा व पड़ोसी के साथ शाम को सर्किट हाउस के पास सैर कर रहा था तो सामने से एक नैनो कार आई जिसे महिला चला रही थी वह गलत दिशा में आकर उसे टक्कर मार दी। महिला टक्कर मारने के बाद गाड़ी को मौके से भगा ले गई। गाड़ी की टक्कर लगने से चोटें आई हैं।

सुनील शर्मा बनाए गए प्रधान

मैहरे। हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ समिति खंड बिझड़ी का चुनाव बुधवार को वरिष्ठ सहकारी सचिव हेमराज ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ। इसमें सुनील शर्मा को प्रधान, रवि कुमार शर्मा को वरिष्ठ उप-प्रधान, संजय पटियाल उपप्रधान, महासचिव संदीप सोहारु, मुख्य सलाहकार राम कृष्ण, सहसचिव अनीष कुमार, कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह, सह कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार को चुना गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में सुमना देवी, सोमा देवी, केसव दत्त, अनिल कुमार, सतीश कुमार, करतार चंद व दीनानाथ को सर्व-सहमती से चुना गया है। यह जानकारी वरिष्ठ उपप्रधान रवि कुमार शर्मा, वरिष्ठ सचिव हेमराज ठाकुर ने दी।

रुद्रांश ने दौड़ में झटका स्वर्ण पदक

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के छात्र रुद्रांश मेहरा ने जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट में अंडर 10 वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन शुभ प्रभात कलब हमीरपुर की ओर से करवाया गया। यह प्रतियोगिता सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल के क्रीड़ा मैदान में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में रुद्रांश मेहरा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्ध के लिए स्कूल प्रधानाचार्य नैना लखनपाल, प्रधानाचार्य अकादमिक डॉ. हिमांशु शर्मा व विद्यालय के समस्त स्टाफ ने रुद्रांश को बधाई दी।

आज बंद रहेगी बिजली

हमीरपुर। एचटी लाइन बदलने के चलते 11 केवी हाउसिंग फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों आयुर्वेदिक चिकित्सालय, क्षेत्रीय चिकित्सालय तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों में 25 जनवरी को सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल हमीरपुर राकेश कुमार वर्मा ने दी। उन्होंने इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

ब्लू स्टार में 165 बच्चों का टीकाकरण

हमीरपुर। ब्लू स्टार सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से टिटनेस का टीकाकरण किया गया। इस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत कक्षा प्रथम, पांचवीं व दसवीं के 165 बच्चों को टीके लगाए गए। इन कक्षाओं में जो बच्चे उपस्थित नहीं थे उन्हें स्वास्थ्य केंद्र में ही टीके लगाए जाएंगे। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. सुमनलता ने भारत सरकार द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना की और स्वास्थ्य विभाग से आए हुए कर्मियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय उपप्रधानाचार्य प्रो. विकास दीक्षित भी उपस्थित रहे।

सीमेंट से भरा ट्रक लुढ़का

हमीरपुर। डिड़वी टिक्कर से जाहू वाया ताल सड़क पर डिड़वी के समीप एक सीमेंट से भरा ट्रक दूसरे वाहन को पास देते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि ट्रक सड़क पर ही लुढ़कने से कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ ।

कुएं से निकाली गाय

हमीरपुर। सासन गांव में मंगलवार रात को एक गाय कुएं में गिर गई। गाय के चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण कुएं के पास जमा हो गए। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दे दी। दमकल विभाग की टीम ने बारिश व शीतलहर को नजरअंदाज करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन कर गाय को सुरक्षित बाहर निकालकर ही दम लिया। राजेंद्र कुमार चौधरी दमकल अधिकारी ने बताया कि गाय को रेस्क्यू ऑपरेशन कर सुरक्षित बाहर निकाला है। दमकल विभाग की टीम सूचना मिलने के तुरंत बाद मौके पर पहुंची और लोगों के सहयोग से इस कार्य को निपटाया गया।

हमीरपुर के करतार सिंह की कलाकृतियों ने नगर में मचाई धूम

◆ बांस थीम पर आधारित है कलाकृतियां, वर्ष 2000 से बना रहे

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

हमीरपुर के करतार सिंह की कलाकृतियों ने घरोहर गांव नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल आर्ट गैलरी में खूब धूम मचाई है। हाल ही में नगर में आयोजित प्रदर्शनी में हमीरपुर एनआईटी में हेल्थ सेंटर में कार्यरत करतार सिंह ने 40 से अधिक बांस से निर्मित कलाकृतियों को रखा। पेशे से सीनियर फार्मासिस्ट करतार सिंह ने बताया कि वह विश्व प्रसिद्ध चित्रकार रोरिक ट्रस्ट में अपनी प्रदर्शनी लगाकर बेहद उत्साहित है तथा उन्हें हिमालय क्षेत्र और अध्यात्म ने हमेशा ही आकर्षित किया है। ऐसे में उनकी बांस से बनी कलाकृतियों में अध्यात्म, हिंदू देवी-देवता और पहाड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी से प्रेरित होकर उन्होंने बांस पर उकेरा है। प्रदर्शनी में बांस से बने हिमालय के पहाड़, कृषि औजार, हडिंबा मंदिर,पराशर झील, शिमला चर्च और गणेश भगवान के चित्रों को दर्शकों ने खूब सराहा। प्रदर्शनी में आए लोगों ने करतार सिंह की हर कलाकृति को पसंद किया। उनका कहना है कि परागपुर लोहड़ी उत्सव, हमीरपुर बचत भवन, एनआईटी व प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में वह अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित कर चुके हैं। बांस की कला को बचाने के लिए उन्होंने 2000 में एक प्रयास शुरू किया जोकि अब उनका शौक बन गया है। बांस से बनी कलाकृतियों की विदेश में अच्छी मांग है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस कला को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

जलजनित रोग पीलिया बारे अलर्ट जारी

हमीरपुर। स्वास्थ्य विभाग हमीरपुर द्वारा जलजनित रोग पीलिया के बारे में अलर्ट जारी कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सावित्री कटवाल ने लोगों को जलजनित पीलिया रोग से बचने के लिए सावधानी रखने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार सूखे की स्थिति बनी रहने से पानी की कमी और पानी के दूषित होने से पीलिया के मामले प्रदेश में सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि हेपाटाइस-ए, हेपाटाइस-ई के केस भी निकल रहे है। हेपाटाइटस वायरस मनुष्य के लीवर को प्रभावित करता है जो आमतौर पर पीलिया के रूप में जाना जाता है। हेपाटाइटस वायरस से महामारी फैलने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पीने के पानी को उबाल कर ही प्रयोग करें और आस-पास के पानी के स्रोतों को साफ रखें।

अगस्त में लगेंगी मेडिकल कॉलेज में कक्षाएं

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

◆ विधायक नरेंद्र ठाकुर ने क्षेत्रीय अस्पताल में लिया सुविधाओं का जायजा

विधायक नरेंद्र ठाकुर ने क्षेत्रीय अस्पताल हमीरपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए चल रही तैयारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज की कक्षाएं अगस्त माह से आरंभ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में कक्षाएं आरंभ करने के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है तथा मार्च माह तक सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएगी। विधायक नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में कक्षाएं आरंभ करने के लिए चिकित्सकों की भर्ती की प्रक्रिया भी आरंभ हो चुकी है। क्षेत्रीय अस्पताल में चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को भरने के लिए भी कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक नरेंद्र ठाकुर ने विभागीय अधिकारियों को अस्पताल में साफ सफाई की उचित व्यवस्था करने तथा मरीजों के बेहतर प्रबंध करने के लिए भी कारगर कदम उठाने को कहा। विधायक ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना वर्तमान सरकार का ध्येय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने वृद्धजनों को सामाजिक पेंशन के लिए आयु सीमा को 80 वर्ष से घटाकर 70 वर्ष किया है जिससे वृद्धजनों को जीवन यापन में मदद मिलेगी। आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निदान भी सुनिश्चित किया जाएगा।

लिटल ऐंजल स्कूल के मेधावियों को मिले लैपटॉप

स्कूल में सम्मान समारोह के दौरान प्रधानाचार्य सुमन चौहान ने नवाजे।

हिमाचल दस्तक। टौणी देवी

लिटिल ऐंजल पब्लिक स्कूल टौणी देवी के 3 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से लैपटॉप मिले हैं। स्कूल के दसवीं कक्षा के 10 विद्यार्थियों ने इसमें मैरिट हासिल की है। इसमें से 3 विद्यार्थियों को लैपटॉप मिले हैं जबकि 7 विद्यार्थियों को मैरिट सर्टिफिकेट मिले। बुधवार सुबह स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान इन मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप बांटे गए। इनमें साहिल वर्मा, शिवानी चौहान व नेहा शामिल हैं। स्कूल प्रबंधक रणवीर सिंह चौहान व प्रधानाचार्य सुमन चौहान ने इन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर अन्य विद्यार्थियों को भी पढ़ाई में बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया।

कुलदीप के निधन पर शोक जताया

हमीरपुर। हिम-आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर जिला इकाई द्वारा संघ के पूर्व में रहे पदाधिकारी कुलदीप सिंह जसवाल निवासी उठवानी की बीमारी के कारण हुई मृत्यु पर संघ के पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। संघ संरक्षक बोडी शर्मा, प्रदेश महासचिव योगराज शर्मा, जिला प्रधान केसी गौतम, महासचिव शंभु राम जसवाल, वरिष्ठ उपप्रधान रंजीत ठाकुर, दीप चंद शर्मा, डीसी शर्मा, टीणी देवी खंड प्रधान सालीग्राम ठाकुर, कार्यकारी प्रधान जगदीश शर्मा, महासचिव देश राज, प्रवक्ता प्रेम चंद शर्मा, धर्म दास चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष रमेश भारद्वाज, प्रदेश वित्त सचिव ओमराज केवर, जिला ऊना प्रधान राजकुमार शर्मा, मंडी प्रधान लालमन शर्मा आदि उपस्थित रहे। कुल्लू प्रधान प्रताप चौहान, चंबा प्रधान कुलदीप शर्मा व रतन शर्मा, प्रीतम भारती, शिमला प्रधान मैहता सहित अन्य उपस्थित रहे।

हिम अकादमी में बच्चों ने लगाई दौड़

हीरानगर में खेलकूद प्रतियोगिता, बच्चों ने लिया भाग

विद्यालय निदेशक चंद्र प्रभा लखनपाल, प्राचार्य बनीता गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर किंडरगार्टन के प्रांगण में खेलकूद का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से लेकर यूकेजी के बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय निदेशक चंद्र प्रभा लखनपाल, प्राचार्य बनीता गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने थ्रोइंग द बॉल इन द बॉस्केट, थ्रोइंग द पिन, वन लैग रेस, लेमन रेस, सिंपल रेस टग ऑफ बार आदि खेलों में भाग लिया। बैंड हेड मीनू सहगल ने बच्चों को टीवी, कंप्यूटर और मोबाइल से दूर रहने तथा अधिक से अधिक शारीरिक खेल खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक्टिविटी इंचार्ज मंजू गोस्वामी, शारीरिक अध्यापक सुनील कुमार, अध्यापिका आरती ठाकुर, स्वाति ठाकुर, पूनम ठाकुर, योगेश्वरी, पैन मैरी लिंटा का विशेष सहयोग रहा।

बैठक

जिला प्रशासन ने पूरी की तैयारियां

8 को होगी मेगा मॉक ड्रिल

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

हमीरपुर जिले में 8 फरवरी को आपदा प्रबंधन को लेकर मेगा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। उपायुक्त राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि प्रत्येक विभाग को किसी भी प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए समय पर आपदा प्लाल तैयार कर उसके प्रबंधन के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त गृह सुरक्षा विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में टैंट, रस्सियां , सीढ़ियां, कंबल, रेस्क्यू उपकरण तथा अन्य आपदा प्रबंधन से संबंधित वांछित सामग्री हर वक्त तैयार होनी चाहिए। अग्निशमन विभाग के पास पर्याप्त संख्या में दमकल वाहन तथा फायर हाइड्रेंटस आपरेटर तथा पूरी टीम सहित उपलब्ध होने चाहिए तथा ये सभी उपकरण सही हालत में होने चाहिए।

उपायुक्त ने बताया कि इसी प्रकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में दवाइयों का भंडारण, स्ट्रेचर, व्हील चेयर, बैडस, बैड शीट्स, आपातकालीन सेवाओं का सामान तथा चिकित्सक तथा अन्य सहायक स्टाफ होना चाहिए ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से बेहतर ढंग से निपटा जा सके। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के पास पर्याप्त संख्या में टिप्पर, जेसीबी चालक सहित तथा सड़क से मलबा हटाने तथा सड़क को तुरंत साफ करने वाले उपकरण हर समय तैयार होने चाहिए। सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के पास पर्याप्त संख्या में पेयजल टैंकरों की व्यवस्था के अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामात तथा दुर्घनाग्रस्त क्षेत्र में यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए विभाग में बेहतर समन्वय स्थापित कर तमाम तरह के प्रबंध सुनिश्चित बनाने होंगे। जिले में पांच दुर्घटना की दृष्टि से संवेदशील स्थलों पर पुलिस विभाग को वायरलैस कम्यूनिकेशन सेट स्थापित करने होंगे तथा एसपी को डीएसपी वायरलैस से लगातार समन्वय स्थापित करने के साथ नेहरू युवा केंद्र को भी पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवियों को तैयार रखना होगा ताकि किसी भी प्रकार की आपदा से प्रभावशाली प्रबंधन व समन्वय के साथ बेहतर ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को आपदा प्रबंधन से संबंधित टेलीफोन निर्देशिका बनाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रत्न गौतम , एसडीएम अरिंदम चौधरी के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

डिडवीं टिक्कर में क्रिकेट प्रतियोगिता

डिडवीं टिक्कर। हमीरपुर विस क्षेत्र के विधायक नरेंद्र ठाकुर ने बुधवार को नगरी युवक मंडल द्वारा डिडवीं टिक्कर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का युवा जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और खेलों के माध्यम से युवा अपनी शारीरिक देखभाल के साथ-साथ इसे करियर के रूप में भी चुन सकते हैं।

INOX WIND
INOX WIND LIMITED
CIN: L31901HP2009PLC031083
Registered Office: Plot No. 1, Khasra Nos. 264 to 267, Industrial Area, Village- Basal, District Una – 174 303, Himachal Pradesh, India, Phone/ Fax: +91 1975-272001
Email: investors.iwl@inoxwind.com; Website: www.inoxwind.com
NOTICE
Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, the 02nd February, 2018, inter-alia, to consider, approve and take on record the Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended 31st December, 2017.
The above information is also available on the websites of the Company www.inoxwind.com, BSE www.bseindia.com and NSE www.nseindia.com.
For Inox Wind Limited
Sd/-
Deepak Banga
Company Secretary
Place: Noida
Date: 24th January, 2018

(http://epaper.himachaldastak.com/)
(http://epaper.himachaldastak.com/content/uploads/2018/01/24D pg01-0.jpg)
(http://epaper.himachaldastak.com/content/uploads/2018/01/24D pg04-0_R.jpg)
(http://epaper.himachaldastak.com/content/uploads/2018/01/24D pg07-0.jpg)
(http://epaper.himachaldastak.com/content/uploads/2018/01/24D pg10-0.jpg)
(http://epaper.himachaldastak.com/content/uploads/2018/01/24D pg13-0.jpg)